कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
ब्लाक–डी, भू–तल, इन्द्रावती भवन, अटल नगर नवा रायपुर छत्तीसगढ़
Phone No. 0771-2263708, Fax No.–2262558, www. tribal.cg.gov.in, Email- ctd.cg@nic.in,

क्रमांक/07/पीएमटी–पीईटी/2021–22/3021 नवा रायपुर दिनांक 26/08/2021

**वर्ष 2021–22 में प्री0इंजीनियरिंग एवं प्री0मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु छ.ग. के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित**

आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण, 100 अभ्यर्थी (64 अनुसूचित जनजाति, 36 अनुसूचित जाति), जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। ऐसे इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र का आंमत्रण किया जाता है।

**(1) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि :– 17.09.2021 सायं 4.00 बजे तक**
**(2) आवदेन जमा करने का स्थान :– जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय में उक्त तिथि तक जमा कर सकते है।**

आवेदन पत्र एवं विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट **ww.tribal.cg.gov.in** से अवलोकन एवं डाउनलोड किया जा सकता है। इस परीक्षा से संबंधित समस्त जानकारी यथा – पात्र अभ्यर्थी, परीक्षा केन्द्र, परीक्षा परिणाम आदि की सूचना विभागीय वेबसाईट से अभ्यर्थी प्राप्त कर सकते है।

**(श्रीमती शम्मी आबिदी)**
**आयुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
अटल नगर नवा रायपुर छ0ग0



Scanned with CamScanner

## प्री0इंजीनियरिंग एवं प्री0मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु सामान्य जानकारी वर्ष 2021–22

(1) **प्रशिक्षण की अवधि –** यह कोचिंग 01 वर्ष के लिए या प्रतियोगी परीक्षा के होने तक जो भी पहले हो तक के लिए होगा।

(2) **कोचिंग का स्थान –** चयनित संस्था द्वारा कोचिंग का कार्य जिला बिलासपुर मुख्यालय में सम्पन्न कराया जायेगा।

(3) **निर्धारित सीटे –** योजनांतर्गत 100 सीट निर्धारित है जिसमें अनुसूचित जनजाति हेतु–64 तथा अनुसूचित जाति हेतु–36।

(4) **निवास तथा जाति संबंधी पात्रता –**

1. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. आवेदक अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग से हो तथा स्थाई जाति प्रमाण पत्र धारक हो।
3. आवेदक भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के लिए घोषित अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग की सूची में सम्मिलित है अथवा नहीं, यह सिद्ध करने का दायित्व आवेदक का होगा। यदि इस संबंध में आवेदक द्वारा गलत विवरण प्रस्तुत किया जाता है तो उसे इस योजना के लाभ से सदैव वंचित कर दिया जाएगा।

(5) **शैक्षणिक योग्यता –** कक्षा 12वीं में कम से कम 70% अंक या समतुल्य ग्रेड गणित एवं जीव विज्ञान विषय में प्राप्त किया हो आवेदन कर सकते है। अभ्यर्थी का चयन प्राक्चयन परीक्षा में प्राप्त अंक के मेरिट के आधार पर अंतिम चयन किया जायेगा।

(6) **आय –** आवेदक के अभिभावक/पालक का समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय रूपये 2.50 लाख से अधिक नहीं होना चाहिए, इस संबंध में लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया आय प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा, साथ ही स्वघोषणा प्रमाण पत्र 10 रू. के नॉन ज्युडिशियल स्टॉप पेपर पर प्रस्तुत किया जाना होगा।

(7) **कोचिंग शुल्क की प्रतिपूर्ति –** योजनांतर्गत विद्यार्थी को कोचिंग, आवास, भोजन, चिकित्सा, पुस्तक, प्रवेश शुल्क आदि निःशुल्क प्रदान किया जावेगा।

(8) **प्राक्चयन परीक्षा का स्वरूप –** प्राप्त आवेदन के परीक्षण उपरांत पात्र अभ्यर्थियों से वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय (Objective type) प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रश्न–पत्र अधिकतम 02 घंटे का होगा, जिसमें कुल 120 प्रश्न पूछे जा सकेंगे।

(9) **आवेदन जमा करना –** अभ्यर्थी किसी भी जिले के सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास के कार्यालय में आवेदन पत्र जमा कर सकते है।

(10) प्री0 मेडिकल एवं प्री0 इंजीनियरिंग परीक्षा की तैयारी ऑफलाईन अथवा ऑनलाईन के माध्यम से चयनित संस्था द्वारा शासन के निर्देशानुसार ही किया जायेगा।

(11) **आवेदन पत्रों का भरा जाना –** आवेदक का कर्तव्य होगा कि वह आवेदन पत्र में चाही गई समस्त जानकारी सही–सही देवें एवं स्वयं के द्वारा संबंधित अभिलेख सत्यापित कर आवेदन के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करें। आवेदन पत्र एवं अभिलेख अपूर्ण पाये जाने पर आवेदन निरस्त किया जायेगा।

(12) **विस्तृत विवरण –** योजना के संबंध में नियम निर्देश विभागीय वेबसाइट www.tribal.cg.gov.in पर उपलब्ध है, जिसे अवलोकन किया जा सकता है।

(श्रीमती शम्मी आबिदी)
**आयुक्त**
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
अटल नगर नवा रायपुर छ0ग0

d:\office\pet & pmt\student advertisement\pet-pmt 2021-22\pet pmt press vigypti.docx

Scanned with CamScanner

## वर्ष 2021–22 में अभ्यर्थियों द्वारा प्री0इंजीनियरिंग–प्री0मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

**सहायक आयुक्त,**
आदिवासी विकास,
जिला –............................................ (छ.ग.)

––00––

1. नाम : ..........................................................................
2. पिता का नाम : ..........................................................................
3. माता का नाम : ..........................................................................
4. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता : ..........................................................................
   : ..........................................................................
5. ईमेल का पता : ..........................................................................
6. फोन/मोबाईल नंबर : ..........................................................................
7. अभ्यर्थी का वर्ग (अनु.जा/अनु.ज.जा) : ..........................................................................
   (सक्षम अधिकारी का स्थाई जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें)
8. अभ्यर्थी का 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष : ..........................................................................
9. कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम : ..........................................................................
   (प्रतिशत में, बायो/गणित, बोर्ड परीक्षा की अंकसूची की सत्यापित प्रति संलग्न करें)
10. वर्तमान में कहाँ अध्ययनरत है : ..........................................................................
11. किस परीक्षा का कोचिंग करना चाहता है – प्री0इंजीनियरिंग/प्री0मेडिकल (टिक करें)
12. पालक का व्यवसाय – : ..........................................................................
    (यदि नौकरी है तो पद का नाम)
13. क्या पालक आयकरदाता है : हां/नहीं (टिक करें)
    (यदि नहीं है तो 10/– के स्टाम्प पेपर पर घोषणा प्रमाण पत्र देवें।)

### घोषणा पत्र

मैं ............................................................ घोषणा करता हूं कि उपरोक्त दी गई जानकारी सही हैं। यदि दी गई जानकारी गलत पाये जाने पर मेरा कोचिंग हेतु प्रवेश निरस्त कर नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है।

पालक का हस्ताक्षर

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर – ........................................
नाम – ........................................
दिनांक – ........................................

d:\office\pet & pmt\student advertisement\pet-pmt 2021-22\pet pmt press vigypti.docx

Scanned with CamScanner

# आय हेतु स्वघोषणा प्रमाण पत्र

## (अभ्यर्थी द्वारा 10 रू. के नॉन ज्युडिशियल स्टॉप पेपर पर प्रस्तुत किया जाए)

मैं ........................................................................ पिता ..........................................................

उम्र ..............................जाति............................................. निवासी ..........................................................

शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे परिवार की वार्षिक आय निम्नानुसार है :–

1. पिता शासकीय सेवक है तो वार्षिक आय ..................................................
2. माता शासकीय सेवक है तो वार्षिक आय ..................................................
3. पिता–माता कृषक है तो वार्षिक आय ..................................................
4. अन्य स्त्रोंतो से वार्षिक आय ..................................................
5. कुल आय (1 + 4) ..................................................

मैं आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्री0 इंजीनियरिंग एवं प्री0 मेडिकल प्रवेश परीक्षा हेतु कोचिंग योजना वर्ष 2021–22 की तैयारी करने के लिए यह आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा/रही हूँ। इस हेतु मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय उपरोक्तानुसार है तथा मेरे द्वारा अर्जित आय आयकर की सीमा में नहीं आता है। यदि मेरे आय के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो शासन द्वारा नियमानुसार जो भी कार्यवाही होगी, उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार हूँ।

पालक का हस्ताक्षर

आवेदक का हस्ताक्षर – ....................................
नाम – ....................................
दिनांक – ....................................



Scanned with CamScanner